

SMT. BHAGIRATHI DEVI

Smt. Bhagirathi Devi is a Member of Legislative Assembly from Shikarpur, Bihar and a social worker.

2. Born on May 1, 1950, in a Mahadalit family, Smt. Bhagirathi Devi has been now sitting in the next line of society due to her skilful conduct, hard work and social service. Working as a clean worker in Narkatiaganj Block, she has been a reputed woman constable in the Bihar Assembly. She has been working for upliftment of poor women by resolving their problems. She allowed the Anganwadi Kendra (child care centres) to open its office in her house in West Champaran District. She especially worked in the field of girls' education. She spent several years creating Mahila Sangathans (women's groups) in Narkatiyaganj block, organising women and creating awareness about issues that included domestic violence, violence against dalits and fair wages. She later expanded her political activism to other blocks in the district.

3. Smt. Bhagirathi Devi assumed the membership of the BJP in 1992 and took over the command of the district President of the District Scheduled Caste Morcha. In 2000, she became the BJP candidate from the Shikarpur Assembly and won in 2000, 2005, 2010 and 2015.

4. In view of the pain of the students' distance examination center, Smt. Bhagirathi Devi played an important role in establishing the examination center at the Sub-Division level. She was also instrumental in establishing Mother Subhadra Campus in Block Gunaah, Bihar.

5. Smt. Bhagirathi Devi has received various awards and honours.

श्रीमती भागीरथी देवी



श्रीमती भागीरथी देवी शिकारपुर, बिहार से विधानसभा की सदस्या और एक समाज सेविका हैं।

2. आपका जन्म 1 मई, 1950 को एक महादलित परिवार में हुआ था। आज आप अपने कुशल व्यवहार, कठिन परिश्रम और समाज सेवा के बल पर समाज के अगले पायदान पर खड़ी हैं। नरकटियागंज ब्लॉक में स्वच्छता सेवी के रूप में कार्य करते हुए, आप बिहार विधानसभा में एक प्रतिष्ठित महिला प्रहरी बनीं। आप गरीब महिलाओं की समस्याओं का निदान करके उनके उत्थान का कार्य करती रही हैं। आपने पश्चिमी चम्पारण जनपद में अपने घर में आंगनबाड़ी केन्द्र (शिशु देखभाल केन्द्र) खोलने की अनुमति दी। आपने विशेष रूप से लड़कियों की शिक्षा के क्षेत्र में कार्य किया है। आपने नरकटियागंज ब्लॉक में महिला संगठनों (महिलाओं के समूह) बनाने, महिलाओं को संगठित करने और उनमें घरेलू हिंसा, दलितों के विरुद्ध हिंसा और समुचित मजदूरी सहित अनेक मुद्दों के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए कई वर्षों तक कार्य किया। बाद में, आपने जनपद के अन्य ब्लॉकों में अपनी राजनीतिक सक्रियता बढ़ाई।

3. श्रीमती भागीरथी देवी ने वर्ष 1992 में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली और जिला अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष का पदभार संभाला। वर्ष 2000 में आप शिकारपुर विधानसभा से भाजपा की प्रत्याशी बनीं और वर्ष 2000, 2005, 2010 और 2015 के चुनावों में विजयी रहीं।

4. सुदूर परीक्षा केन्द्रों को लेकर विद्यार्थियों की पीड़ा को समझते हुए, आपने उप-संभागीय स्तर पर परीक्षा केन्द्र स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बिहार के गुना ब्लॉक में माता सुभद्रा कैम्पस की स्थापना करने में भी आपका अभूतपूर्व योगदान रहा।

5. आपको अनेक पुरस्कार और सम्मान प्राप्त हुए हैं।